फर्द अहकाम

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा**

गुलाब बनाम धनबाई वगै0

किस्म मुकदमा– दावा

मु0नं0– 254 / 2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.06.2023	पत्रावली में वादी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र शीघ्र सुनवाई पेश किए जाने पर पत्रावली पेशी में ली गई। पत्रावली में जारी प्राथमिक डिक्री दिनांक 01.04.2022 की पालना में तहसीलदार सिकराय द्वारा पत्रांक भू–अ0 / 2023 / 777 दिनांक 02.05.2023 द्वारा कुर्रेजात प्रस्ताव तैयार कर पेश किए जा चुके है। वकील वादीगण की कुर्रेजात प्रस्ताव पर बहस एकपक्षीय सुनी गई। वकील वादी द्वारा कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार किया जाकर अन्तिम डिक्री किए जाने का निवेदन किया। बहस वकील वादी एवं कुर्रेजात प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः वाके ग्राम अचलपुरा की भूमि खसरा नम्बर 115, 116 एवं 119 के विभाजन हेतु तहसीलदार सिकराय द्वारा पत्रांक भू–अ0 / 2023 / 777 दिनांक 02.05.2023 द्वारा पेश कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार किया जाकर दावा वादीगण अन्तिम डिक्री किया जाता है। कुर्रेजात प्रस्ताव निर्णय का भाग रहेंगे। तहसीलदार सिकराय मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करें। उपरोक्तानुसार अंतिम डिक्री जारी हो। तहसीलदार सिकराय को निर्णय की पालना हेतु तहरीर जारी हो। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा)	